Regarding doubling of Lucknow-Sitapur Railway line-laid

श्री राजेश वर्मा **(सीतापुर):** मैं अपने संसदीय क्षेत्र जनपद सीतापुर (उत्तर प्रदेश) की रेलवे की समस्या की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ I सीतापुर-लखनऊ प्रखंड की मात्र 80 किमी की लम्बाई है, जिसका दोहरीकरण नहीं है I आपके संज्ञान में यह भी लाना है कि बिहार से आने वाली लगभग तीन दर्जन ट्रेनें गोंडा-बुढ़वल-सीतापुर होते हुए वाया शाहजहाँपुर-दिल्ली तक जाती है I उक्त रेल मार्ग दोहरीकरण से संतृप्त है I मात्र 80 किमी दोहरीकरण करने से ही लखनऊ-सीतापुर का रेल मार्ग इस दोहरीकरण से जुड़ जाएगा और लखनऊ से दिल्ली तक एक नया रूट भी स्थापित हो जाएगाI अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से माँग करता हूँ कि जनहित मे लखनऊ-सीतापुर प्रखंड के दोहरीकरण करने हेतु समुचित निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें I